आनंदालय
सामयिक परीक्षा - 2
कक्षा : छठी

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 50

दिनांक : 25-09-2023 | निर्धारित समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश :-
1. यह प्रश्न पत्र दो खंडों में विभाजित है : 'अ', और 'ब' |
2. खंड 'अ' में कुल पाँच प्रश्न हैं और खंड 'ब' में दो प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |
5. विकल्पों के प्रश्नांक, उप-प्रश्नांक और चयनित उत्तर लिखना अनिवार्य है |

## खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है , बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों को आगे बढ़ाती है । बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं । यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच की एक कड़ी भी है । हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है । 14 सितंबर, 1949 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास में बहुत महत्त्वपूर्ण है । इसी दिन संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था । इस निर्णय को महत्व देने के लिए और हिन्दी के उपयोग को प्रचलित करने के लिए साल 1953 के उपरांत हर साल 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाया जाता है।

(i) एक भाषा के रूप में हिंदी क्या है ?
(क) हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों को आगे बढाने वाली भाषा
(ख) जन मूल्यों, संसृति और समानताओं की रखवाली करनेवाली भाषा
(ग) भारतीयों का अभिमान
(घ) हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की रक्षक

(ii) हिंदी भाषा के क्या गुण है ?
(क) संगीतमय और काव्यात्मक (ख) सरल एवं सुगम संगीत से युक्त
(ग) वैज्ञानिकों की प्रिय भाषा (घ) सहज, सरल, सुगम एवं वैज्ञानिक

(iii) हिंदी किसके बीच एक कड़ी है ?

(क) लोगों के बीच

(ख) पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच

(ग) प्राचीन ज्ञान और पारंपरिक सभ्यता के बीच

(घ) राजभाषा और राज्य भाषा के बीच

(iv) हिंदी भाषा के लिए कौन-सा दिन महत्त्वपूर्ण है ?

(क) 14 अक्टूबर , 1949 (ख) 14 सितम्बर, 1949

(ग) 14 सितम्बर, 1947 ( घ) 14 सितम्बर, 1953

(v) संविधान सभा ने हिंदी को किस रूप में स्वीकार किया है ?

(क) केंद्र शासित प्रदेशों की राज भाषा (ख) हमारी राष्ट्रभाषा

(ग) ग्यारह राज्यों की राजभाषा (घ) भारतीय संघ की राजभाषा

2. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए (1x5=5)

अभी समय है, अभी नहीं कुछ भी बिगड़ा है,
देखो अभी सुयोग तुम्हारे पास खड़ा है,
करना है जो काम उसी में चित्त लगा दो,
अपने पर विश्वास करो, और संदेह भगा दो ।
पूर्ण तुम्हारा मनोरथ, क्या अभी न होगा?
होगा तो बस अभी, नहीं तो कभी न होगा,
देख रहे हो श्रेष्ठ समय के किस सपने को,
छलते हो यों हाय ! स्वयं ही क्यों अपने को ।
तुच्छ कभी न समझो एक पल को भी तुम
पल-पल से ही बना हुआ जीवन को मानो तुम,
इसके सद्व्यय रूप नीर सिंचन के द्वारा,
हो सकता है सफल जन्मतरु यहाँ तुम्हारा ।

(i) हमें अपना काम किस प्रकार करना चाहिए ?

(क) कड़ी मेहनत से (ख) श्रेष्ठ समय पर

(ग) चित्त लगाकर (घ) दूसरों की सहायता लेकर

(ii) हमारा मनोरथ पूर्ण कब होगा ?

(क) अभी होगा (ख) कभी न होगा (ग) कालांतर में होगा (घ) इनमे से एक भी नहीं

(iii) हमें अपना काम करने के लिए क्या करना चाहिए ?

(क) अपने पर संदेह करना चाहिए (ख) अपनों पर विश्वास करना चाहिए

(ग) अपने पर संदेह और विश्वास करना चाहिए (घ) अपने पर विश्वास करना चाहिए

(iv) हमें किसे तुच्छ नहीं समझना चाहिए ?

(क) एक पल को (ख) जीवन को (ग) हमारे सपनों को (घ) समय को

(v) हम श्रेष्ठ समय के सपने को देखकर क्या करते हैं ?

(क) सपना पूरा होने की प्रतीक्षा करते हैं (ख) स्वयं को छलते हैं

(ग) दूसरों को छलते हैं (घ) समय का सदुपयोग करते हैं

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही **<u>बारह</u>** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x12=12)

(i) 'अधखिला' शब्द में उपसर्ग है -

(क) अ (ख) अध (ग) खिला (घ)आधा

(ii) निम्नलिखित में 'आ' प्रत्यय युक्त शब्द है -

(क) भूखा (ख) संज्ञा (ग) चाचा (घ) अगला

(iii) 'तुलसी कबहूँ न जायिए कंचन बरसे मेह' में अनुस्वार युक्त शब्द है -

(क) कबहूँ (ख) कंचन (ग) दोनों (घ) इनमें से एक भी नहीं

(iv) ओलंपिक खेलों से पहले खिलाड़ी रात-दिन मेहनत करते हैं । - इस वाक्य में प्रयुक्त विराम-चिह्न हैं -

(क) पूर्ण-विराम (ख) योजक और पूर्ण-विराम

(ग) निदेशक और पूर्ण-विराम (घ) विवरण चिह्न और पूर्ण-विराम

(v) नवरत्न का सही समास विग्रह है -

(क) नव रत्न (ख) नए रत्न (ग) न रत्न (घ) नौ रत्नों का समूह

(vi) 'सूर्योदय' शब्द में संधि का कौन सा भेद हैं ?

(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि (ग) विसर्ग संधि (घ) व्यंजन संधि

(vii) 'कवीन्द्र' का सही संधि विच्छेद है -

(क) कवि + ईंद्र (ख) कवी + इंद्र (ग) कवि + इंद्र (ख) कवी+ईंद्र

(viii) 'बालक ने सही समय पर डॉक्टर को बुलाकर अपनी समझदारी दिखा दी ।' वाक्य में भाववाचक संज्ञा शब्द है -

(क) बालक (ख) सही (ग) बुलाकर (घ) समझदारी

(ix) 'चिंतन चुप बैठा रहा, **<u>उसने</u>** कुछ कहा नहीं । ' वाक्य में रेखांकित सर्वनाम शब्द का भेद है -

(क) निश्चयवाचक (ख) अनिश्चयवाचक (ग) निजवाचक (घ) पुरुषवाचक

(x) प्+ऊ+र्+ण्+अ - वर्ण-विच्छेद का सही शब्द है -

(क) पूरण (ख) पुर्ण (ग) पूर्ण (घ) पूँण

(xi) निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है ?

(क) जलज (ख) अंबु (ग) सरोज (घ) अंबुज

(xii) दशरथ के पुत्रों में राम **<u>अग्रज</u>** थे एवं भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न उनके ------------ थे । - रिक्त स्थान के लिए रेखांकित शब्द का सही विलोम है -

(क) अनु (ख) छोटे भाई (ग) अनुदार (घ) अनुज

(xiii) 'आय' शब्द का विलोम है -

(क) व्यय (ख) खर्च (ग) अंत (घ) प्रदान

4. निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए (1x4=4)

(i) 'झाँसी की रानी' कविता के रचनाकार का नाम है -

(क) तात्या टोपे (ख) सुभद्राकुमारी चौहान

(ग) शिवमंगल सिंह 'सुमन ' (घ) सुमित्रानंदन पन्त

(ii) 'चाँद से थोड़ी सी गप्पें ' कविता में चाँद से गप्पें कौन कर रहा है ?

(क) कवि (ख) लड़का (ग) लड़की (घ) माँ

(iii) राजप्पा ने नागराजन का अलबम कहाँ डाल दिया ?

(क) कूड़ेदान में (ख) अलमारी में (ग) अँगीठी में (घ) संदूक में

(iv) अम्मा के सोते ही बच्चों ने क्या किया ?

(क) बच्चे भी सो गए

(ख) बच्चों ने चिड़िया को उड़ा दिया

(ग) अण्डों के लिए घोंसला बना दिया

(घ) घर की सिटकनी खोलकर बाहर निकल गए

5. निम्नलिखित पठित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए। 1x5=5

अब राजप्पा के अलबम को कोई पूछने वाला नहीं था। वाकई उसकी शान अब घट गई थी। राजप्पा के अलबम की, लड़कों में काफ़ी तारीफ़ रही थी। मधुमक्खी की तरह उसने एक-एक करके टिकट जमा किये थे। उसे तो बस एक ही धुन सवार थी। सुबह आठ बजे घर से निकल पड़ता। टिकट जमा करनेवाले सारे लड़कों के चक्कर लगाता। दो ऑस्ट्रेलिया के टिकट के बदले एक फ़िनलैंड का टिकट लेता। बस, शाम जैसे ही घर लौटता बस्ता कोने में पटककर अम्मा से चबेना लेकर निकर की जेब में भर लेता और खड़े-खड़े कॉफ़ी पीकर निकल जाता।

(i) राजप्पा के अलबम की शान क्यों घट गई थी ?

(क) नागराजन के अलबम के कारण (ख) कम टिकट होने के कारण

(ग) इसलिए कि वह हाथ से बना था। (घ) क्योंकि उसमे कुछ देशों के टिकट नहीं थे।

(ii) मधुमक्खी किसे कहा गया है ?

(क) नागराजन को (ख) राजन को

(ग) कृष्णन को (घ) राजप्पा को

(iii) राजप्पा सुबह-सुबह किस काम के लिए निकल पड़ता था ?

(क) नागराजन का अलबम देखने। (ख) विद्यालय जाने के लिए।

(ग) टिकट खरीदने। (घ) अलबम के लिए टिकट जमा करने।

(iv) राजप्पा पर कौन-सी धुन सवार रहती थी ?

(क) अलबम के लिए अलग-अलग देशों के टिकट जमा करने की।

(ख) सुबह-सुबह सैर करने की।

(ग) मधुमक्खी का छत्ता खोजने की।

(घ) अपना अलबम सबको दिखाने की।

(v) राजप्पा की तुलना मधुमक्खी से क्यों की गई है ?

(क) राजप्पा को फूल बहुत पसंद थे ।
(ख) राजप्पा को शहद बहुत पसंद था ।
(ग) राजप्पा को मधुमखियाँ बहुत पसंद थीं ।
(घ) राजप्पा मधुमक्खी की तरह-तरह घूम-घूम कर टिकट इकट्ठे करता था ।

<u>खंड- 'ब'</u>

6. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई के किन गुणों ने आपको प्रभावित किया ? आप विद्यार्थी के रूप में अपने देश के लिए क्या करना चाहेंगे ?

(ii) बालिका के मन में चाँद को लेकर क्या जिज्ञासा है, ' चाँद से थोड़ी सी गप्पें ' कविता के आधार पर बताते हुए लिखिए कि आज के वैज्ञानिक चाँद के विषय में कौन-सी बातें पता लगाना चाहते हैं ?

(iii) मोहन ने किस बात का बहाना बनया था ? क्या उसका ऐसा करना सही था ?

(iv) केशव और श्यामा ने अंडों की रक्षा के लिए क्या प्रबंध किया, उसका क्या परिणाम हुआ ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए- (2x5=10)

(i) 'कलाई घड़ी' बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने हेतु 40 से 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

अथवा

'व्रजवासी दूध' कंपनी की बिक्री बढ़ाने हेतु 40 से 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

(ii) 'जीवन में खेलकूद के महत्व' पर बातचीत करते हुए दो मित्रों का संवाद 60 से 70 शब्दों में लिखिए ।